# अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण)

**लडापुरा वाटर वर्क्स के निकट, झालू रोड, बिजनौर(उ0प्र0)**

**(दूरभाष / फैक्स : 01342—252649)**

**E-mail: ee_bjn_cdupjn@yahoo.co.in**


पत्रांकः 3752 / प्रेस कटिंग / 29 दिनांकः—25.07.2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषय :— <u>उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ से प्राप्त प्रेस कटिंग पर आख्या का प्रेषण।</u>**

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके कार्यालय से प्राप्त ई0पेपर दैनिक भास्कर दिनांक 24 जून 2026 प्रेस कटिंग **" ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन टंकी से सिंचाई का आरोप ऑपरेटर को पकड़ा, अधूरे काम पर सवाल; जांच के आदेश "** खण्ड कार्यालय को आख्या उपलब्ध कराने हेतु प्राप्त हुई है। आपके द्वारा दिये गये निर्देशो के अनुपालन में उक्त पर आख्या निम्नानुसार सादर प्रेषित हैः—

| प्रेस कटिंग | आख्या |
|---|---|
| प्राप्त पेपर कटिंग बिजनौर में नांगल सोती क्षेत्र की सुंगरपुर ग्राम पंचायत में जल जीवन मिशन योजना के तहत बनी पानी की टंकी के संचालन पर गंभीर सवाल उठे हैं। ग्रामीणों ने योजना में अनियमितताओं, अधूरे कार्यों और सरकारी पेयजल के कथित दुरुपयोग का आरोप लगाया है।<br>ग्रामीणों के अनुसार, जल जीवन मिशन के तहत बनी पानी की टंकी से गांव में कनेक्शन देने का काम अभी तक अधूरा है। पाइपलाइन और कनेक्शन डालने वाली संस्था ने कई जगहों पर काम अधूरा छोड़ दिया है। कुछ स्थानों पर पाइपलाइन फटी हुई है, जिससे पानी की आपूर्ति शुरू होते ही बड़ी मात्रा में पानी सड़कों और रास्तों पर बहने लगता है। इससे प्रतिदिन हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है।<br>ग्रामीणों ने बताया कि पिछले दो दिनों से गांव के कई हिस्सों में पानी की आपूर्ति नहीं हो रही थी। जब उन्होंने टंकी पर जाकर निरीक्षण किया, तो उन्हें कथित तौर पर एक चौंकाने वाला मामला सामने आया। ग्रामीणों का आरोप है कि टंकी के संचालन और रखरखाव के लिए नियुक्त ऑपरेटर ने गांव की आपूर्ति बंद कर सरकारी टंकी से अलग पाइप जोड़कर पास के एक किसान के गन्ने के खेत में पानी चलवा रखा था।<br>आरोप है कि सरकारी पेयजल योजना का यह पानी खेत की सिंचाई के लिए किराए पर दिया जा रहा था। यह घटना तब सामने आई जब ग्रामीण पानी न आने की शिकायत पर टंकी पर पहुंचे।<br>मोहित कुमार, अरविंद कुमार, अभिषेक गुर्जर, देवेंद्र सिंह, विपुल और टिंकू सहित कई ग्रामीणों ने इस पर विरोध जताया। उन्होंने मौके पर ही सरकारी टंकी से खेत में पानी जाते देखा और इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की। जल निगम के एसडीओ शुभम सक्सेना ने नलकूप पर तैनात ऑपरेटर पर जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कही है। | जनपद बिजनौर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्राम सुंगरपुर, विकास खण्ड नजीबाबाद में फेज—।। के अन्तर्गत कार्यदायी एजेन्सी मै0एल0सी0इन्फ्राप्रो0प्रा0लि0 द्वारा पेयजल योजना का निर्माण कार्य किया जा रहा है।<br>योजना पर कार्यो की वर्तमान स्थिति के सम्बन्ध में एजेन्सी के पत्रांक 1163/LCInfraBijnor Dated 20-07-2026 के द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम **सुंगरपुर, विकास खण्ड नजीबाबाद** में निर्माणाधीन पेयजल योजना में टयेबवैल, पम्प हाउस, बाउंड्रीवाल, अवर जलाशय आदि कार्य पूर्ण हो चुका है योजना पर अवर जलाशय के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जा रही है, शिकायतकर्ता पंप ऑपरेटर के द्वारा किसान के गन्ने के खेत में पानी चलने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया है कि पंप हाउस में सैंपल कनैक्शन का पाइप डैमेज हो गया था जिसका कोई स्थायी निकास नही था चुंकि उक्त कनैक्शन पम्प हाउस के अन्दर होता है इसलिए उस पानी के निकास को एक छोटे साइज के पाइप द्वारा पंप हाउस से बाहर किया गया था। डैमेज सैंपल कनैक्शन के पाइप को सही करा दिया गया है एवं योजना में सप्लाई अवर जलाशय के माध्यम से सुचारु करा दी गयी है।<br>ठसके अतिरिक्त योजना पर ग्राम में हो रही पाइप लाईन लिकेज को जल्द से जल्द ठीक करने के निर्देश एजेन्सी को दे दियो गये है। |

**भवदीय**

**(राकेश चौधरी)**
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0एवं दिनांक उपरोक्तानुसार
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1— मुख्य अभियन्ता(मुरा0क्षे0), उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण) को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2— जिलाधिकारी महोदया बिजनौर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3— मुख्य विकास अधिकारी, बिजनौर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4— जिला सूचना अधिकारी, बिजनौर को सूचनार्थ प्रेषित।
3— श्री शुभम सक्सैना सहायक अभियन्ता / श्री सचिन देव शर्मा जूनियर इंजीनियर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4— प्रोजेक्ट मैनेजर, मैसर्स एल0सी0इन्फ्र प्रो0प्रा0लि0 बिजनौर को इस निर्देश के साथ कि योजना से समयान्तर्गत पेयजल आपूर्ति सुचारु करना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

lc infra

(Formerly known as Laxmi Construction)

पत्रांक:- 1163/LCInfra/BIjnor

दिनांक :20-07-2026

सेवा में,

अधिशाशी अभियंता

खण्ड कार्यालय,

उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण)

बिजनौर।

विषय :- जल जीवन मिशन के अंतर्गत परियोजना सुंगरपुर ब्लॉक- नजीबाबाद में प्राप्त हुई शिकायत के संबंध मे।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अनुरोध के साथ अवगत करवाना है कि कि जनपद बिजनौर में ग्राम पंचायत सुंगरपुर, ब्लॉक- नजीबाबाद में जल जीवन मिशन के तहत योजना का कार्य चल रहा हे जिसके अंतर्गत ग्राम पंचायत सुंगरपुर विकास खण्ड नजीबाबाद पेयजल योजना में ट्यूबवेल, पंप हाउस , बाउंड्री वाल ओवर हेड टैंक का कार्य पूर्ण हो चुका है योजना पर अवर जलाशय के माध्यम से पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ की जा रही है थी शिकयातानुसार पंप ओप्रटर के द्वारा किसान के गन्ने के खेत में पानी चलने के सम्बन्ध में आपको अवगत करवाना है कि पंप हाउस में सैंपल कनेक्शन का पाइप डैमेज हो गया था जिसका कोई स्थायी निकास नही था चुकि उक्त कनेक्शन पंप हाउस के अन्दर होता है इसलिए उस पानी के निकास को एक छोटे साइज़ के पाइप द्वारा पंप हाउस से बाहर किया गया था। डैमेज सैंपल कनेक्शन के पाइप को सही करवा दिया गया है एवं योजना में सप्लाई अवर जलाशय के माध्यम से सुचारू करवा दी गयी है।

यह योजना मान्य प्रधानमंत्री जी की महत्वपूर्ण योजना है जिसको समय से पूरा करने में सहयोग करे।

एल०सी० इंफ्रा प्रोजेक्ट्स प्रा०लि०

LC INFRA PROJECTS PRIVATE LIMITED
ISO 9001:2015 CERTIFIED
CIN:U45209GJ2018PTC103009
409-410, 401, Iscon Elegance, Near Jain Temple, | Tele : +91 66168765/66

Scanned with OKEN Scanner